भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1625
01 अगस्त, 2024 को उत्तर देने के लिए

उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन योजना

1625. श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमा:
श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू:
श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे:
श्री मुकेश राजपूत:
श्री अनूप संजय धोत्रे:
श्री राजकुमार चाहर:
श्री परषोत्तमभाई रूपाला:
क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों (एफपीआई) को प्रोत्साहन देने के लिए क्या विभिन्न कदम उठाए गए हैं;
(ख) क्या सरकार का देश में एफपीआई क्षेत्र में कोई उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) शुरू करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार का एफपीआई के लिए पीएलआई योजना में सुधार करने का भी विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या पीएलआई योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के चयन के मानदंडों में बदलाव किया जाएगा, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ड.) क्या सरकार पीएलआई योजना के तहत इकाइयों को उच्च प्रोत्साहन प्रदान करेगी, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या करण हैं?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री रवनीत सिंह)

(क): खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय शीत शृंखला और मूल्य वर्धन के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण, कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर का सृजन, आपूर्ति श्रृंखलाओं को जोड़कर और बढ़ाकर, खाद्य प्रसंस्करण, खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित कर और मानव संसाधन और संस्थानों को विकसित करने द्वारा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं लागू कर रहा है। ये योजनाएं हैं: प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना, और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएफपीआई) ।

(ख): एफपीआई क्षेत्र में कोई अन्य उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग): एफपीआई के लिए मौजूदा पीएलआई योजना में सुधार का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(घ) एवं (ङ): उपर्युक्त (ख) एवं (ग) के उत्तर के मद्देनजर यह प्रश्न नहीं उठता।

*****